तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 पार्षद निधि से खरीदा गया डस्टबिन हो रहा खराब...



14 राष्ट्रीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सांसद को...






# महाविद्यालय में प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी, दूसरे के लिए प्रवेश शुरू

## शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले के महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया की द्वितीय चरण शुरू हो गई है। शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पहली सूची पूर्व में जारी की गई। सूची में जिन छात्र-छात्राओं का नाम था, उन्हें 8 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडेय के संयोजन में उच्च शिक्षा विभाग एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अधिसूचना आदेश अनुसार महाविद्यालय में सत्र 2025 -26 में प्रवेश हेतु प्रथम प्रवेश सूची जारी की गई। स्नातक प्रथम वर्ष हेतु 1265 सीट एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 775 सीट है दिनांक 25 जून 2025 को विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन महाविद्यालय को प्रवेश हेतु प्रदान किया गया। जिसमें कुल 4363 आवेदन प्राप्त हुए एवं प्रवेश सूची 1612 की जारी की गई है। जिसमें बीए, बीएससी, बायो, गणित, बीकॉम के साथ डिप्लोमा कोर्स शामिल है। दूसरी लिस्ट बीते बुधवार को जारी किया गया जिसमें अब प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो चुका है। यह प्रवेश प्रक्रिया सोमवार तक चलेगा इसके बाद बची सीटों के लिए सूची जारी की जाएगी।

### दूसरी सूची हुई जारी

शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया के लिए दूसरी लिस्ट बुधवार के दिन जारी किया गया। जिसमें बीसीए के लिए 25, बीएससी गणित एवं विज्ञान के लिए 279, डीसीए 24, बीकॉम 110 एवं बीए 292 छात्र-छात्राओं के नाम शामिल है।



### मौसम ने भी किया परेशान

प्रथम सूची जारी होते ही जिले में लगातार हुई बारिश के कारण छात्र-छात्राओं को आवागमन के लिए परेशान होना पड़ा। जिसके कारण महाविद्यालय में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने मुक्तिधाम के पीछे गार्डन के पास कर्रापारा से एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी आरोपी ओम प्रकाश सलूजा पिता गुलाकी राम सलूजा (68 वर्ष) वार्ड नं 08 कर्रापारा बागबाहरा थाना बागबाहरा के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 3.600 लीटर कीमत 1800 रुपए और बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शिक्षक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम धनापाली में एक शिक्षक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को विजय कुमार चौहान (41 वर्ष) निवासी ग्राम हरदी जिला सारंगढ बिलाईगढ़ ने बताया कि 7 जुलाई को दोपहर करीबन 2-3 बजे के मध्य अपने मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 06 जीडी 2571 से ससुराल ग्राम धनापाली में कृषि कार्य हेतु अपने खेत गया और खंभा तालाब के पास के आम पेड के नीचे बाइक को खड़ी किया था। वापस आकर देखने पर बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कार्रवाई : जिले में कार्ड को निरस्त करने विभाग ने गठित की जांच दल

# निरस्त होंगे अपात्र राशन कार्डधारियों के कार्ड, सत्यापन दल कर रहा जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में अपात्र राशन कार्डधारियों जांच शुरू कर निरस्त करने की तैयारी अब तेज हो गई है। विभागीय जानकारी अनुसार अब अपात्र लोगों को जारी गरीबी रेखा राशन कार्ड निरस्त होगा। दरअसल खाद्य विभाग की जांच टीम ने जिले भर के कुल 15 हजार 473 संदिग्ध राशन कार्डो की कुंडली खंगालकर जांच शुरू कर दी है। प्रत्येक ब्लॉकों में सत्यापन टीम बनाकर डुप्लीकेट राशन के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। गत 2 वर्षों से लगातार जिले में पात्र लोगों द्वारा गरीबी रेखा के राशन कार्ड पर राशन उठाने की लगातार शिकायत मिल रही थी। बीते दिनों से सत्यापन में विभाग ने धुंआधार 1128 राशन कार्डों के विरूद्ध कार्रवाई की है। यानी अब तक 7 फीसदी काम पूरा हुआ है। जिले के सभी ब्लॉकों में 3 सदस्यीय टीम लगातार कार्रवाई कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में लगातार राशन कार्डों का सत्यापन किया गया था। लेकिन इसके बाद जब जनपद पंचायत, नगर पालिका तथा पंचायत स्तर पर राशन कार्डों का आवेदन लिया



जाना प्रारंभ हुआ। वहीं वर्ष 2024 में विभाग का पोर्टल भी हैकरों द्वारा हैक कर लिया गया था। फलस्वरूप हैकरों ने पोर्टल का जबरदस्त दुरुपयोग किया। इसी दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, संचालनालय नवा रायपुर के पत्र अनुसार महासमुंद जिले में कुल 15473 राशन कार्डों के संदिग्ध होने की जानकारी मिली। फलस्वरूप अब इन राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन कर प्राप्त तथ्यों की जानकारी विभागीय वेबसाइट के राशन कार्ड मॉड्यूल एवं डुप्लीकेट राशन कार्डों की जानकारी और इस पर कार्रवाई के लिये नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी तथा सत्यापन दल का गठन किया गया।

### संदिग्ध राशन कार्ड की हो रही है जांच

संदिग्ध राशन कार्डों में दर्ज आधार नंबर के आधार पर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के डुप्लीकेट राशन कार्डों 100 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्य वाले राशन काडों, 12 माह से खाद्यान्न का उठाव नहीं करने वाले राशन कार्ड, 6 से 12 महीने तक खाद्यान्न उठाव नहीं करने वाले राशनकार्ड की जांच होगी।

### मुखिया सदस्य की हो गई मृत्यु फिर भी ले रहे लाभ

जिले में कई ऐसे राशनकार्ड है जिनके मुखिया सदस्य की मृत्यु हो गई है लेकिन उनके नाम का राशन परिवार वाले उठा रहे हैं। ऐसे संदिग्ध राशनकार्डों की सूची भौतिक सत्यापन हेतु संबंधित क्षेत्र के खाद्य निरीक्षकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पूर्व में आदेश दिया था कि इन संदिग्ध राशनकार्डो के भौतिक सत्यापन हेतु कार्रवाई किया जाए।

### 24 हजार से अधिक का नहीं हुआ ई-केवाईसी

जानकारी के अनुसार महज डेढ़ वर्ष में शासन ने ई केवायसी के लिए चार बार तारीखें आगे बढ़ाई ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। जिले में 24 हजार से अधिक लोगों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराया। बार-बार तिथि आगे बढ़ाए जाने की वजह से खाद्य विभाग ही नहीं पूरे खाद्य मंत्रालय का कार्य बढ़ जाता है। फलस्वरूप इसकी वजह से विभाग अन्य कार्यों की ओर ध्यान नहीं दे पाता। आदेश के मुताबिक जो ई-केवाईसी नहीं कराएगा उसे राशन कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा।

# राइट टू एजुकेशन के तहत दूसरे चरण के लिए निकलेगी लॉटरी 31 तक लेना होगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में राइट टू एजुकेशन के तहत



दूसरे चरण के लिए आवेदनों की स्क्रूटनी पूरी हो गई है। 14 जुलाई से 15 जुलाई के बीच लॉटरी निकाली जायेगी। जिन बच्चों के नाम लॉटरी में रहेगा उन्हें 31 जुलाई तक स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। इस योजना के तहत पहले चरण की प्रक्रिया 30 जून को समाप्त हो गई है। अब दूसरे चरण की प्रक्रिया 31 जुलाई को समाप्त होगी। बता दें कि दूसरे चरण के लिए छात्रों ने 20 जून से 30 जून तक आवेदन किया था। जिले में 227 स्कूलों को आरटीई के तहत पंजीकृत किया गया है, जिनमें 1718 सीटें बीपीएल बच्चों के लिए आरक्षित हैं। पहले चरण में 3230 आवेदन प्राप्त हुए थे, और पहली सूची के बाद 265 सीटें खाली रह गईं थीं। पहले चरण की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद 265 सीट खाली थी। इस सीटों को भरने के लिए विभाग ने दूसरे चरण में फिर से आवेदन मंगाया गया। इसके लिए विभाग ने पोर्टल 20 जून को खोला। 30 जून तक पालकों ने आवेदन किया अब दूसरे चरण में प्रवेश प्रक्रिया के लॉटरी का इंतजार कर रहे है। बता दे कि बीते 2021 में तो सबसे अधिक आरटीई की 1772 सीटें खाली रह गई थी। हालांकि वह दौर कोरोना का दौर भी था। इसके बाद 2022, 23 और 2024 में भी सीटें फुल नहीं हो पाई थी।

### प्रथम चरण में 1453 बच्चों ने लिया प्रवेश

आरटीई के प्रथम चरण में 1453 बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश हुआ है। बता दें कि पहले चरण के लिए आवेदन मंगाए थे, जिसमें 3230 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से 1453 बच्चों को निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश दिलाया गया एवं चयनित छात्रो में से कई छात्रो ने प्रवेश नही लिया जिसके बाद कुल 265 सीट बचे गये जिसके बाद दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू किया गया।

# आज झलप आएंगे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, डायलिसिस सेवा की होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

झलप के एनसीसी अस्पताल में 13





- एनसीसी अस्पताल में आज से नि:शुल्क डायलिसिस सेवा

जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे निःशुल्क डायलिसिस सेवा का शुभारंभ होगा। यह कार्यक्रम गुरुद्वारा हाल झलप में होगा। पूर्व विधायक डा विमल चोपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव होंगे। अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल करेंगे। विशेष अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, महासमुंद जनपद पंचायत अध्यक्षत दिशा दीवान, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, ग्राम पंचायत झलप सरपंच राकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश पटेल, जनपद सदस्य बलविंदर सिंह सीटू सलुजा होंगे।

# सब्जी एवं खाद्य सामाग्री के साथ अब बढ़े बिजली के दाम, प्रभावित होगा घरेलू बजट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

अब लोगों को महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। पहले ही मानसून सीजन के चलते सब्जियों एवं खाद्य सामानों के दाम बढ़े हुए हैं। ऐसे में अब विद्युत दर के बढ़ने से जिले के लोगों का घरेलू बजट बिगड़ने वाला है। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की गई मांग के आधार पर वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 1.89 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की है। इस लिहाज से घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद पहली बार है, जब बिजली की दरों में बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले कांग्रेस सरकार में दो बार बिजली के दामों में बढ़ोतरी की गई थी। कांग्रेस सरकार के दौरान 22-23 में 2.50 प्रतिशत और 24-25 में 4.88 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी इस तरह से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 7.38 प्रतिशत की बढ़ोतरी



हुई थी। इस बड़े दामों के कारण लोगों पर अब आर्थिक बोझ और बढ़ेगा, वहीं अभी ग्रामीण क्षेत्रों में खेती का सीजन चल रहा है जिसमें फसलों के लिए दवाई, खाद एवं मजदूरी देने के लिए पैसों की जरूरत पड़ेगा।

जारी नई विद्युत दरें 1 जुलाई से लागू

आयोग द्वारा वर्तमान टैरिफ आदेश में लिए गए निर्णयों के फलस्वरूप औसत विद्युत बिलिंग दर 7.02 रुपए प्रति यूनिट अनुमानित है। इस हिसाब से वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 1.89 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की गई है। जारी नई विद्युत दरें 1 जुलाई, 2025 से प्रभावशील होंगी।

### कृषि पंपों के विद्युत दर भी बढ़े

कृषि पंपों के लिए विद्युत की दरों में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर सब्सिडी वाले कृषि विद्युत पंप वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट को बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। किसानों को खेतों में लगे विद्युत पंपों और खेतों की रखवाली के प्रयोजनार्थ पंप कनेक्शन के अंतर्गत वर्तमान में पंप के समीप 100 वॉट के भार उपयोग की सुविधा प्रभावशील है। किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा 100 वॉट तक लाईट एवं पंखे की स्वीकृति जारी रखी गई है।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन में पेंशनर संघ भी होंगे शामिल

**महासमुंद।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर फोरम के संयोजक अशोक गिरि गोस्वामी ने संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई को ब्लॉक व जिला स्तर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी प्रकार 22 अगस्त को एक दिवसीय आंदोलन आयोजित है। जिसमें पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद भी आंदोलन में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी अधिकारी पेंशनर फोरम द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को पूर्व में पत्र प्रेषित किया गया है,जिसमें पेंशनरों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए कैशलेस चिकित्सा की सुविधा एवं 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पांच प्रतिशत पेंशन वृद्धि 70 वर्ष की आयु में पूर्ण करने पर 10 प्रतिशत एवं 75 की आयु पूर्ण करने पर 15 प्रतिशत तथा 80 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत करने की मांग की गई है।

## एनएचएम कर्मियों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

# काली पट्टी बांधकर कार्यस्थलों पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मियों द्वारा नियमितीकरण, ग्रेड पे, स्थानांतरण नीति, मेडिकल अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा परिचर्या सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने कहा कि यह आंदोलन मोदी की गारंटी को याद दिलाने और वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार को जागरूक करने के लिए हो रहा है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि यदि सरकार द्वारा मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो यह आंदोलन और भी व्यापक व निर्णायक रूप लेगा। एनएचएम कर्मी बीते 20 वर्षों से बिना नियमित हुए, अल्प वेतन, बिना ग्रेड पे और बिना सामाजिक



सुरक्षा के प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं। कोरोना महामारी जैसे संकट के समय भी इन कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर इलाज किया है।

### राजनीतिक समर्थन और जनसमर्थन भी मिल रहा

आंदोलन को महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, येतराम साहू बीजेपी जिलाध्यक्ष महासमुंद का समर्थन प्राप्त हुआ है। अब तक प्रदेश के सभी 90 विधायक एवं सांसदों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

आगामी कार्यक्रम के अनुसार16 जुलाई 2025 को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 17 जुलाई को प्रदेश स्तरीय विशाल प्रदर्शन एवं विधानसभा घेराव, जिसमें 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी रायपुर में शामिल होंगे। प्रदेश के आम नागरिकों ने भी एनएचएम कर्मियों की सेवा भावना को सराहते हुए मांग की है कि स्वास्थ्य जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग में संविदा व्यवस्था समाप्त कर कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए।

महासमुंद जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे, डॉ अरुणा अग्रवाल, डॉ मधुराज देवांगन, उत्तम श्रीवास डीपीसी, डॉ देवेंद्र साहू, सुरेन्द्र चंद्राकर बीपीएम, बीएल मिश्रा, मनीष भारद्वाज सहायक चिकित्सा अधिकारी, प्राविण नागदेवे, यादराम साहू, खोमन साहू, कविता चंद्राकर, त्रिवेणी चक्रधारी, निर्मल कर साहू, टेकलाल नायक, देकुमार डडसेना, सुनील साहू, सुरेश, ओम पटेल आदि ने ब्लेक रिबन बांध कर हड़ताल के तीसरे दिन अस्पताल में काम किया गया।

# गड्ढों से भरा मार्ग बना हादसों का कारण, एनएचएआई मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झलप

जिले में स्थित छिलपावन चौक

- राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर झलप के छिलपावन चौक की दुर्दशा, बाइक सवारों के लिए मुसीबत

(झलप) पर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 की हालत बद से बदतर होती जा रही है। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में चौक के दोनों ओर बागबाहरा और अन्य मार्गों की ओर जाने वाली सड़कें गहरे गड्ढों और जलभराव से जूझ रही हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क और गड्ढे की गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल होता है। वाहन चालकों को अनजाने में गिरने या फिसलने का खतरा बना रहता है, विशेषकर दोपहिया वाहन सवारों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। एक स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि हर दिन यहां किसी न किसी वाहन का



संतुलन बिगड़ता है, लेकिन अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। हादसे होने के बाद ही शायद कोई कार्यवाही होगी। छिलपावन चौक झलप का यह क्षेत्र व्यस्ततम चौराहों में से एक है, जहां से बागबाहरा, सारंगढ़ और महासमुंद की ओर आवागमन होता है। इसके बावजूद सड़क की यह स्थिति जनसुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों ने मांग की है कि एनएचएआई तत्काल मरम्मत कार्य प्रारंभ करे और सड़क को जल निकासी युक्त, समतल बनाया जाए। ताकि, भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो। यदि एनएचएआई और प्रशासन समय रहते सजग नहीं हुआ, तो यह चौक दुर्घटना चौक के नाम से बदनाम हो सकता है। जनता और प्रशासन दोनों को जागरूक होना जरूरी है। क्योंकि, जान है तो जहान है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने घायल जवानों का जाना कुशलक्षेम

**रायपुर**। राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को श्री नारायणा हॉस्पिटल पहुंचकर सीआरपीएफ के घायल जवान मंटू नाथ निवासी असम राज्य और राजवीर सिंह निवासी गुजरात राज्य का कुशलक्षेम जाना। ये जवान 8 जुलाई को नक्सलियों द्वारा बीजापुर में किए गए आईडी विस्फोट में घायल हो गए थे। राज्यपाल ने घायल जवानों से चर्चा की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने जवानों का उपचार कर रहे चिकित्सकों से बातचीत कर उनके समुचित उपचार के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने उनके इलाज में किसी भी प्रकार की आवश्यकता की स्थिति में सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

### पचपेड़ी नाका चौक का नामकरण नगरमाता बिन्नी के नाम करने की मांग



**रायपुर**। रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 10 अमलीडीह में आज सोनकर समाज के प्रतिनिधियों ने जोन कमिश्नर से मुलाक़ात कर पचपेड़ी नाका चौक के नामकरण को लेकर की गई आपत्तियों को निरस्त करने की मांग की। साथ ही सोनकर गौरव नगर माता बिन्नी चौक एवं शहीद आकाश राव गिरिपुंजे चौक के नाम से नए नामकरण किए जाने का अनुरोध ज्ञापन सौंपकर किया। सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सोनकर ने कहा, छत्तीसगढ़ की अस्मिता और हमारे गौरव से कोई भी छेड़छाड़ करेगा, तो हम उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। समाज की ऐतिहासिक विरासत और योगदान को सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम में सोनकर छात्रावास सचिव गज्जू सोनकर, वरिष्ठ समाजसेवी जयराज सोनकर, वार्ड 61 की छाया पार्षद ब्रह्मा सोनकर, छ.ग. सोनकर समाज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ओंकार सोनकर, अमलेश्वर पालिका पार्षद व प्रकोष्ठ सचिव खुबीराज सोनकर, पार्षद भेजलाल सोनकर, युवा प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी संजय सोनकर, अभिनव सोनकर, छवि सोनकर सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नियोक्ता-कर्मचारी पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना शुरू

**रायपुर**। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शिमला हिमाचल प्रदेश में आयोजित 196वीं ईएसआई निगम की बैठक के दौरान नियोक्ता और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना एसपीआरईई-2025 को मंजूरी दे दी है। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम और रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने की। एसपीआरईई 2025 कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अनुमोदित नियोक्ता और कर्मचारियो के पजीकरण को बढ़ावा देने की योजना 2025, ईएसआई अधिनयम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल है।

# लाफिनखुर्द हाईस्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात छात्र संघ की ओर से समस्त शिक्षकों को फल एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गुरु के महत्व को रेखांकित करते हुए भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। कक्षा नवमी की छात्राएं मोनिका, साक्षी कोसले, डिगेश्वरी पटेल, लिसा साहू, प्रीति साहू तथा कक्षा 10वीं की चित्रलेखा साहू एवं चांदनी साहू ने अपने विचार भाषण, गीत एवं कविता के माध्यम से प्रस्तुत किए।

संस्था की शिक्षिका विनीता अंजली दीवान ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु की महिमा अनंत है, गुरु को किसी नाम से मापा नहीं जा सकता। वहीं प्रीति चंद्राकर ने गुरु को दीपक के समान बताया जो शिष्यों को जीवन में उजाला देने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गुरु की डांट में भी स्नेह छुपा होता है। चंद्राकर ने माता को प्रथम गुरु बताते हुए कहा कि मां ही वह शक्ति है जो हमें दुनिया से परिचित कराती है। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत में आदिकाल से गुरु-शिष्य परंपरा रही है। भगवान राम और कृष्ण ने भी गुरुकुल में जाकर शिक्षा प्राप्त की। गुरु ही वह मार्गदर्शक हैं जो हमें सच्चे रास्ते पर ले जाते हैं।" उन्होंने आगे कहा, जिसे जीवन में सच्चे गुरु का सानिध्य मिल जाता है, उसका जीवन धन्य हो जाता है। हमें सदैव गुरु, माता-पिता और बड़ों के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का सुंदर संचालन कक्षा 9वीं की दीक्षा एवं पायल ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजलि दीवान, भुनेश्वरी जागड़े, ममता ठाकुर, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्याम बालाजी कॉलेज में मनाया गया गुरु पूर्णिमा



**महासमुंद**। श्याम बालाजी कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर एक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंकिता चंद्राकर ने की। इस अवसर पर बीएड, बीए, बीएससी, पीजीडीसी, डीसीए, डी फार्मेसी एवं योगा आफ डिप्लोमा के समस्त शिक्षकगण डा. संजय कुमार साहू, निर्मल कुमार बंजारे, टोपराम कुर्रे, डिंपल साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने गुरुजनों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए काव्य पाठ, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु के महत्व को भावपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। प्राचार्या डॉ अंकिता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में गुरु के मार्गदर्शन और शिक्षा के सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्गुरु न केवल ज्ञान का दान करते हैं, बल्कि चरित्र, अनुशासन और जीवन मूल्यों का निर्माण भी करते हैं। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों ने गुरुजनों को सम्मानित करते हुए आभार प्रकट किया।

### प्रदेश सरकार पर बिजली का 10 हजार करोड़ बकाया, जनता को भोगना पड़ रहा : डॉ. महंत

# बिजली दर में बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने घेरा, कहा- साय सरकार का जनता को एक और फटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश में बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेताओं ने इस बढ़ोतरी को प्रदेशवासियों के साथ धोखा बताया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में बिजली दरों में फिर से वृद्धि को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 18 माह की भाजपा सरकार में बिजली बिल में तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। आज बिजली बिल में हुई मूल्य वृद्धि आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाली है, मोदी महंगाई ने पहले ही जनता की कमर तोड़ रखी है और ऐसे में बिजली दर में बढ़ोतरी जनता के साथ धोखा है।

डॉ. महंत ने आगे कहा कि बिजली उत्पादन में लगने वाली वस्तु कोयले का प्रदेश में उत्पादन होता है, खुद उपयोग करके देश के अन्य राज्यों को भी कोयला छत्तीसगढ़ से जाता है। आज किसी भी बिजली उत्पादन वस्तु की दर में कोई वृद्धि नहीं हुई है तो फिर बिजली दर में बढ़ोतरी क्यों..?

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि बिजली दरों में वृद्धि का मूल कारण प्रदेश सरकार पर राज्य पॉवर कंपनी का बिजली बिल बकाया दस हजार करोड़ से अधिक हो गया है, शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं से विभाग को दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान बिजली विभाग से राज्य सरकार नहीं कर रही है। शासन के 23 विभागों का लगभग 2300 करोड़ रुपए बिजली बिल बकाया है। सरकार को चाहिए कि वह इस बिजली मूल्य वृद्धि निर्णय पर पुनर्विचार करे और आम उपभोक्ताओं को राहत देने के उपाय करे, ताकि जीवनयापन और अधिक कठिन न हो।

### पूरे समय बिजली नहीं और बिल में बढ़ोतरी : शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर से बढ़ोतरी कर दी। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसे तथा गैर घरेलू बिजली में 25 पैसे की, कृषि पंप में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की है। इसके पहले भी साय सरकार ने बिजली के दाम में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। यह जनता पर अत्याचार है। अभी तक सरकार ने डेढ़ साल में 19.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ा दिए हैं। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है, इस दशा में बिजली की दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। उद्योगों के बिजली के दाम सरकार पहले ही बढ़ा चुकी है।

### दरों में वृद्धि से टूटी आम जनता की कमर : उपाध्याय



पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं पर एक बार से महंगी बिजली का भार डाल दिया गया है। हमने विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में बिजली की कीमत न बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन हमारी मांग नहीं मानी गई और कीमत में इजाफा कर दिया गया। इसे लेकर शनिवार से ही लगातार आंदोलन किया जाएगा। पहले पॉवर कंपनी के दफ्तर का घेराव करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री और प्रदेश के मंत्रियों के निवास का भी घेराव किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने कहा, बिजली की कीमत बढ़ाने का फैसला प्रदेश की आम जनता, विशेषकर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों और किसानों की जेब पर सीधी चोट है और उनके घरेलू बजट को पूरी तरह से बिगाड़ने वाला कदम है। श्री उपाध्याय ने सरकार मांग की है कि बिजली दरों में की गई वृद्धि को अविलंब रद्द किया जाए। ऊर्जा नीति में पारदर्शिता लाई जाए और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दी जाए। बिजली दर में कोई भी बदलाव करने से पूर्व उपभोक्ता संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों से विमर्श किया जाए।

# मध्य हिस्से को तरबतर कर मानसूनी वर्षा उत्तरी इलाके में शिफ्ट, तीव्रता में आएगी कमी

बारिश थमने से लोगों ने महसूस की राहत, अब तक 343 मिमी. बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर समेत मध्य हिस्से को तरबतर करने वाला मानसूनी सिस्टम अब उत्तरी इलाके में शिफ्ट हो गया है। शुक्रवार को दिनभर बारिश नहीं होने से लोगों ने राहत महसूस की है। आने वाले कुछ दिनों तक रायपुर, दुर्ग और बस्तर में इसकी तीव्रता में कमी आने की संभावना है। रायपुर जिले में अब तक 343 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 24 प्रतिशत अधिक है।

शुक्रवार को राजधानी रायपुर में बारिश नहीं हुई, वहीं जिले के अन्य क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। पिछले तीन-चार दिनों से हो रही बारिश से उकता गए लोगों ने राहत महसूस की है, हालांकि धूप-छांव का खेल जारी रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक प्रबल मानसूनी तंत्रिका (द्रोणिका) उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण मध्य प्रदेश होते हुए विस्तारित है। इसकी वजह से प्रदेश में बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार रायपुर जिले में पर्याप्त मात्रा बारिश हो चुकी है और यह जुलाई महीने का अपना कोटा पूरा कर चुका है। आने वाले दिनों में होने बारिश की छिटपुट गतिविधि भी वर्षा का मात्रा को सामान्य बनाए रखने के लायक होगी। अभी रायपुर में तीव्रता में कमी आने के आसार है। शुक्रवार को दिनभर बारिश नहीं होने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान भी चढ़कर 24 डिग्री के करीब पहुंच गया।

### प्रदेश में 367.8 मिमी. बारिश

प्रदेश के सभी स्टेशन मिलाकर कुल 367.8 मिमी. वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक है। अभी रायगढ़, मोहला-मानपुर, जांजगीर, गौरेला-पेंड्रा में सामान्य से काफी अधिक बारिश हो चुकी है। रायपुर, बालोद, बलौदाबाजार, बस्तर, बिलासपुर, बीजापुर, जीपीएम, कोरबा, कोरिया, मुंगेली, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सूरजपुर में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। केवल सुकमा, कोंडागांव और बेमेतरा में सामान्य से कम बारिश हुई है।

# रायपुरा के लोगों ने विधायक मूणत के जन चौपाल में गिनाई क्षेत्र की समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हमेशा अपने विधानसभा क्षेत्र में लोगों को नई सुविधा देने और विकास कार्यों के लिए पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत को जाना-जाता है। शुक्रवार को उन्होंने रायपुरा के माधवराव सप्रे वार्ड में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जन चौपाल केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी का मंच है, जहां जन प्रतिनिधि सीधे जनता से जुड़कर समाधान सुनिश्चित करने की मुहिम का हिस्सा बन रहे हैं। रायपुरा में लगाए गए जन चौपाल में दिनभर लोगों की भीड़ रही। जहां पेयजल, बिजली, सड़क, पेंशन, सफाई, नाली, राशन और आधार कार्ड से जुड़ी समस्याएं गिनाई। विधायक ने लोगों से चर्चा के बाद अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के लिए निर्देश दिया।

इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में जारी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने प्रस्तुत किया। बताया कि माधवराव सप्रे वार्ड में 65.96 लाख के विकास कार्य पूर्ण हुए। 339.50 लाख के काम प्रगति पर हैं। 292.13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन 22 मई को किया गया है। इस बीच लोगों ने वार्डों में जारी अवैध प्लाटिंग को बड़ी समस्या बताई।

# आबकारी अधिकारियों का निलंबन, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता से लागू कर रही है। इसी क्रम में राज्य शासन ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अधिकारियों को निलंबित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूर्ववर्ती शासनकाल में हुए सभी घोटालों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।

यह कार्रवाई पूर्ववर्ती शासनकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपये के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियां अर्जित की थीं। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

# डीएमएफ राशि का योजनाबद्ध उपयोग हो : सांसद बृजमोहन

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायपुर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफ मद की राशि का उपयोग जिले में व्यवस्थित, पारदर्शी और जनहितकारी योजनाओं के लिए सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा, वर्तमान में डीएमएफ फंड में लगभग 22 करोड़ रुपए उपलब्ध हैं, तथा करीब 20 करोड़ रुपए और मिलने की संभावना है, ऐसे में इस राशि के उपयोग की सटीक कार्ययोजना बनाकर जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा, 50 आंगनबाड़ियों के निर्माण और उन्नयन के लिए 11 करोड़ 59 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। आंगनबाड़ियों का प्री-फैब तकनीकी से निर्माण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक आंगनबाड़ी के लिए 10 हजार रुपए अतिरिक्त सहायता देने का भी निर्णय लिया गया। सभी सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय कर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 250 हिंदी एवं 70 अंग्रेजी माध्यम के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की आवश्यकता जताई गई। एक एकड़ से बड़े स्कूल परिसरों में बारबेड वायरिंग व जाली, प्रार्थना शेड, शौचालय निर्माण एवं पौधारोपण अनिवार्य किया जाए।जन औषधि केंद्रों की स्थापना हर ब्लॉक, पीएचसी व हमर अस्पतालों में सुनिश्चित की जाए। शासकीय महाविद्यालयों में सुविधाएं बढ़ाने हेतु अलग से फंड आबंटित करने पर चर्चा हुई। पेयजल समस्या निवारण, स्कूल, कॉलेज व स्वास्थ्य केंद्रों का ऑडिट कर आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराए जाएं। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के डेटा आधारित समन्वय के लिए एक कमांड सेंटर की स्थापना पर जोर दिया गया। सीएसआर फंड का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्री अग्रवाल ने कहा, कंपनियों द्वारा किए जा रहे सीएसआर कार्यों का लेखा-जोखा तैयार किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कंपनियों को सीएसआर की आधी राशि सरकारी मद में जमा कराने एवं शेष राशि का उपयोग अपने स्तर पर कार्यों में करने की अनुमति दी जाए। सभी कंपनियों को अपने कार्यों की विस्तृत सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### संबंधित बैच के नमूने जांच के लिए भेजे गए, रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

# मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा अमानक, कंपनी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिर्गी का झटका एवं न्यूरो संबंधी समस्या के लिए उपयोग किए जाने वाले फेनीटोइन इंजेक्शन के अमानक मिलने के बाद सीजीएमएससी द्वारा दिल्ली की कंपनी को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे क्वालिटी कंट्रोल सहित निर्माण संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं।

संबंधित बैच के इंजेक्शन को जांच के लिए तीसरे लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कंपनी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों एक शासकीय अस्पताल में इस इंजेक्शन से संबंधित शिकायत मिली थी। इस आधार पर दवा कार्पोरेशन द्वारा संबंधित बैच के उपयोग पर रोक लगाई गई थी। मामले में इंजेक्शन का निर्माण करने वाली दिल्ली की कंपनी को नोटिस जारी कर निर्माण से संबंधित विभिन्न दस्तावेज मांगे गए हैं।

सीजीएमएससी के अफसरों का तर्क है कि संबंधित बैच के इंजेक्शन को एनबीएल की मान्यता प्राप्त तीसरे लैब में जांच के लिए भेजा गया है। वहां रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने पर संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्टेड, अनुबंध समाप्ति जैसी कार्रवाई की जाएगी। दवा निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस शिकायत के आधार पर राज्यभर में बेचे गए स्टॉक की जांच की जा रही है, हालांकि दूसरे स्थान से शिकायत नहीं मिली है। सीजीएमएससी की प्रबंध संचालक पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि यह जीवन रक्षक औषधि है। प्राप्त शिकायत के आधार पर पूरी गंभीरता बरती जा रही है।




### टेस्ट किट, आईवी ड्रिप सेट, सर्जिकल ब्लेड की जांच भी

अफसरों ने बताया कि प्रेगनेंसी टेस्ट किट, आईवी ड्रिप सेट और सर्जिकल ब्लेड जैसी कुछ सामग्रियों को लेकर प्राप्त शिकायतों पर सीजीएमएससीएल ने त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। इन प्रकरणों में संबंधित उत्पादों के प्रयोग पर रोक, जांच दल के गठन, निर्माता फर्मों को नोटिस जारी करने, तथा आवश्यकता अनुसार स्टॉक की वापसी और प्रतिस्थापन की कार्रवाई की गई है। दवा कार्पोरेशन जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के अंतर्गत दोषी आपूर्तिकर्ताओं पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई करता रहा है।

# सूदखोर तोमर भाइयों ने मुरुम कारोबारी से दो लाख कर्ज के बदले वसूले 30 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोर तोमर भाइयों के खिलाफ जबरन वसूली सहित धमकी देने, मारपीट की रिपोर्ट कराने वाले लोगों की फेहरिस्त दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पुरानी बस्ती थाने में पेशे से मुरुम, गिट्टी सप्लाई करने का काम करने वाले कोरोबारी ने अवैध वसूली तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोबारी ने शिकायत दर्ज कराई है कि दो लाख कर्ज के बदले तोमर भाई तथा उसके गुर्गों ने उससे 30 लाख वसूल कर और पैसों की डिमांड की और पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी के साथ संपत्ति कब्जा करने की धमकी दी है। भोपाल मणि साहू ने वीरेंद्र, रोहित तोमर के साथ भतीजा दिव्यांश तोमर, आकाश, योगेश सिन्हा तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। भोपाल मणि ने पुलिस को बताया है कि कारोबार को बढ़ाने पैसों की जरूरत पड़ने पर उसने अपने ममेरा भाई के कहने पर 14 दिसंबर 2022 को तोमर भाइयों से तीन प्रतिशत ब्याज पर कर्ज लिया। कर्ज लेने के समय तोमर भाइयों ने एक कोरा स्टांप में भोपाल मणि का हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिया।



सूदखोर तोमर भाई कर्जदारों से दैनिक और साप्ताहिक के साथ मासिक उगाही करते थे

तोमर बंधुओं ने सूदखोरी और वसूली के लिए पाले थे 37 गुंडे, इनमें से 25 गायब

आदमी भेजकर कर्ज लेने प्रेरित किया था

कोरा चेक, प्रॉपर्टी के पेपर पर साइन कराने के बाद कर्ज

कर्ज चुकाने दूसरे से कर्ज लिया




**खबर संक्षेप**

### गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में सामूहिक साधना अनुष्ठान

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा अखंड दीप के शताब्दी वर्ष एवं माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर पूरे देश में सामूहिक साधना का क्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद जिले में भी साधना अनुष्ठान जारी है। महासमुंद जिले के पुरातात्विक नगरी सिरपुर स्थित नवनिर्मित गायत्री चेतना केंद्र में गायत्री परिवार महासमुंद की समस्त इकाइयों के सहयोग से पवित्र सावन माह में एक मासिक साधना अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस अनुष्ठान के अंतर्गत प्रत्येक इकाई से परिजन अपनी सुविधा अनुसार सिरपुर पहुंचकर न्यूनतम 24 माला गायत्री मंत्र जप करेंगे, जो साधक रात्रि विश्राम करना चाहें, उनके लिए भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था की गई है। भोजन व्यवस्था श्रीराम केयर क्लिनिक महासमुंद के संचालक डॉ. शेष नारायण गुप्ता द्वारा की जा रही है। सभी परिजनों एवं साधकों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# दुलारपाली में लोकतांत्रिक पद्धति से हुआ छात्रसंघ का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली (ग्रामीण)

शाउमावि दुलारपाली में शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों का सफल संचालन के लिए एनएसएस व छात्रसंघ प्रभारी कृष्ण कुमार नायक के निर्देशन में छात्रसंघ का गठन किया गया। लोकतान्त्रिक चुनाव प्रक्रिया का पालन किया गया। जिसके तहत अधिसूचना जारी करना, चुनाव तिथि का निर्धारण, नामांकन, नाम वापसी, मतदान, मतगणना एवं शपथ ग्रहण आदि प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न कराया गया। विद्यार्थियों ने मतपत्र के माध्यम से मतदान कर पदाधिकारियों का निर्वाचन किया। जिसमें शाला नायक नीरदास, उप शालानायक किशन सिदार, सांस्कृतिक सचिव आरती साहू, क्रीडा सचिव खिरसागर चौहान, स्वास्थ्य सचिव धर्मेश साहू, स्वच्छता सचिव कशिश सिदार, छात्रा प्रतिनिधि पूजा निषाद, बागवानी प्रभारी अरुण साहू, पेयजल प्रभारी गुलाब यादव एवं खोया पाया प्रभारी भोजकुमार चौहान निर्वाचित हुए। साथ ही कक्षा नवमी से शालिनी साहू, पवन सेठ, दसवीं गोपाल साहू, गोपिका साहू, ग्यारहवीं परी वैष्णव, पूजा साहू, धनेश्वरी यादव, धावेश पटेल, बारहवीं नीरदास,



किशन, ख़रिसागर, नमिता डिंगरे कक्षा नायक और उप कक्षा नायक चुने गए। चुनाव उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता के साथ अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठता की शपथ ली। शपथ ग्रहण प्राचार्य प्रेमानन्द भोई द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ व्याख्याता उपेंद्र बुड़ेक ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थी जीवन में छात्रसंघ के महत्व बताते हुए कहा कि इससे सेवा, समर्पण, सहयोग और सामंजस्य आदि गुणों का विकास होने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। चुनाव संपन्न करने में टेकलाल पटेल, रोहित कुमार साहू, अंजली पटेल, कविता पटेल, आरडी पटेल, सुशांत प्रधान, राकेश प्रधान, हाराधान चौधरी, सीएस विशाल सहित समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार नायक ने आभार व्यक्त टेकलाल पटेल ने किया। कार्यक्रम के अंत में जन्मदिन पर शिक्षक केके नायक द्वारा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नेवता भोज कराया गया।

# सावित्रीपुर में युक्तियुक्तकरण शिक्षकों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

सांकरा संकुल केंद्र सावित्रीपुर में युक्तियुक्तकरण के तहत नवपदस्थ शिक्षकों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवपदस्थ शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में अपने पूर्व विद्यालय में किए गए कार्यों एवं अनुभवों को समस्त शिक्षकों के साथ साझा किया और नवपदस्थ शालाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की बात कही। संकुल सावित्रीपुर में कार्यभार ग्रहण करने वाले हेमंत कुमार कर, कुसुमलता पटेल, संजय कोसरिया, घनश्याम प्रसाद साहू,



वेदप्रकाश पटेल, युवराज दीवान, मुकेश कुमार साहू का पुष्प गुच्छ, पेन डायरी, श्रीफल, शॉल से स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य पी सिदार ने अपने उद्बोधन में समस्त आगंतुक शिक्षकों का स्वागत करते हुए अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से पालन करने के लिए प्रेरित किया। संपूर्ण कार्यक्रम संकुल समन्वयक पीएल चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर सावित्रीपुर संकुल के शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

### इतना बड़ा शराब घोटाला, परदे के पीछे बड़े नामों का खुलासा कब होगा: राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष राकेश झाबक ने प्रदेश में पिछली कांग्रेस सरकार में हुए बड़े शराब घोटाले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभी मामले में और बड़े नाम सामने आएंगे, कांग्रेस और भाजपा दोनों भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं। उन्होंने बताया कि जब 29 जून 2025 को ईओडब्ल्यू ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। जिसमें 29 आबकारी अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से 7 रिटायर्ड और 22 पदस्थ अधिकारी थे, तब बड़े नामों की संलिप्तता क्यों छुपा दी गयी थी। जबकि, मामले में ईडी के अधीन मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही है। झाबक ने कहा है कि घोटाले में अधिकारी तो सिर्फ अपने नेताओं के आदेश का पालन कर रहे थे, जबकि जिन दुकानों में शराब आती थी, उनके व्यापारी तो नेताओं से सेटिंग कर माल भेज रहे थे। क्या बड़े लोगों का नाम छुपाया जा रहा है?

# इको क्लब के छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**महासमुंद।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के इको क्लब के छात्रों के द्वारा संस्था के प्राचार्य अमी रूफस के मार्गदर्शन एवं प्रमोद कुमार कन्नौजे के निर्देशन में इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत शाला परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इको क्लब के प्रभारी शिक्षक विकास यादव ने छात्रों को पौधे लगाने के उद्देश्य एवं आवश्यकता, महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अपने-अपने घरों के आसपास खाली जगहों पर एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाकर उसको संरक्षित, सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के जीआर टांडेकर, प्रियंका पीटर,



मितेश शर्मा, नेहा सिंह, ध्रुति श्रीवास्तव, अंशुमाला बारिक एवं इको क्लब के अध्यक्ष गरिमा साहू, सदस्य हिमांशु साहू, खुशी साहू, चंद्रशिला, द्रोण टंडन, लीलेश साहू, गुलशन साहू, लीना साहू आदि उपस्थित थे।

# गंधेश्वर और बम्हनेश्वर महादेव में हो रही प्रतिदिन विशेष श्रावणी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सावन लगते ही अंचल के शिवालयों में चहल-पहल बढ़ गई है। अधिकांश स्थलों पर रूद्राभिषेक समेत विशेष पूजन की जा रही है। बम्हनी के बम्हनेश्वर नाथ महादेव और सिरपुर के गंधेश्वर महादेव समेत कनेकेरा, दलदली व अन्य प्रसिद्ध शिव मंदिरों में विशेष श्रावणी पूजा की जा रही है। बम्हनी मंदिर के सर्वराकार डा. संतोष अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन यहां श्रावणी पूजा की जा रही है। मुख्य जजमान होरीलाल पांडेय के अलावा प्रतिदिन अन्य जजमान भी पूजन विधान में शामिल हो रहे है। इसी तरह सिरपुर मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र अमन गिरि गोस्वामी ने बताया कि सावन के प्रथम दिन से ही श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंच रहे है। दोपहर में रूद्राभिषेक के बाद गंधेश्वर बाबा का दिव्य आरती में श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल हो रहे है। प्रथम दिन बम्हनी से जल लाकर 8 कांवरियों ने



भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रथम सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। प्रथम सावन सोमवार को कांवरियों की भीड़ कम रहेगी। बहरहाल, 55 कांवरियों की टोली नयापारा राजिम के त्रिवेणी संगम से जल लेकर सिरपुर के लिए रवाना हुए है, जो रविवार को सिरपुर पहुंचेगे और सोमवार को जल अर्पण कर अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। बोलबम समिति के संजय पांडे ने बताया कि भोजन संबंधी व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किया गया है। प्रथम रविवार को सिरपुर पहुंचने वाले कांवरियों की भोजना व्यवस्था सुंदर साहू परिवार द्वारा की गई है। द्वितीय रविवार 20 जुलाई को अमर अरूण चंद्राकर परिवार, 27 जुलाई को जोगेंद्र, निरंजन सिंह, तथा 3 अगस्त को महासमुंद के महामाया ग्रुप द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। कांवर यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह है और श्रद्धालुओं द्वारा कांवरियों की स्वागत को लेकर तैयारियां की जा रही है।

# सशिमं गढ़सिवनी में प्रवेशोत्सव व गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर गढ़सिवनी में शाला प्रवेश उत्सव व गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम हुआ। जिसमें ग्राम गढ़सिवनी के सरपंच खेमलता ध्रुव, जनपद सदस्य योगेश्वरी साहू, विद्यालय के संरक्षक जीवन लाल साहू, संयोजक रोशन दास मानिकपुर, कौशल पालकगण व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

संरक्षक जीवन लाल साहू ने गुरु की महिमा के बारे में मार्गदर्शन देते हुए सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। साथ ही सरपंच खेमलता ध्रुव के करकमलों से आरटीई के तहत अध्ययनरत बच्चों को गणवेश वितरण कर विद्यालय द्वारा गठित शिशु भारती व बाल भारती, आचार्य दायित्व प्राप्त सभी को शपथ ग्रहण कराया गया। स

संयोजक रोशन दास मानिकपुरी द्वारा सभी आचार्य/ अचार्यों को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीफल व कलम देकर गुरु के महिमा का बखान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य/ आचार्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार साहू ने किया।

# सनातन धर्म में गुरु का स्थान देवताओं से ऊपर: येतराम

## गुरु पूर्णिमा पर नगर पुरोहित समेत गुरुओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गुरु पूर्णिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में नगर पुरोहित पंकज तिवारी तथा गायत्री शक्ति पीठ के वेदाचार्यों पंडित प्रभात उपाध्याय एवं पंडित श्याम दुबे के घर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा श्रीफल व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि हमारे सनातन धर्म में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है।



देवी देवता भी अपने गुरु का सम्मान करते हैं। कोई भी व्यक्ति गुरु के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। हर क्षेत्र में प्रगति के लिए गुरु का होना आवश्यक है, बिना गुरु के ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती है। गुरुओं से आशीर्वाद लिया एवं सदैव जन सेवा के लिए एवं जनकल्याण के लिए मार्ग दर्शन देने का आग्रह किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, भाजपा नेता राहुल चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, वरिष्ठ नेत्री मीना वर्मा, आनंद साहू,लिलेश साहू राकेश सचदेव, कल्पना सूर्यवंशी, राकेश पटवा, शरद राव, कुंदन साहू, गौरव राठी आदि भाजपाजन उपस्थित थे।

# शिशु भारती, बालभारती, कन्या भारती एवं किशोर भारती का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में शिशु भारती, बालभारती, कन्या भारती एवं किशोर भारती का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों को विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा द्वारा वर्षभर विद्यालय की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एवं निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए शपथ दिलाई गई। किशोर भारती से अध्यक्ष, भावेश साहू, उपाध्यक्ष खेमचंद साहू, सचिव हर्ष देव, सहसचिव अक्षत जलक्षत्री, सेनापति युवराज साहू, उप सेनापति निहाल पटेल को दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार कन्या भारती से अध्यक्ष योगिता साहू, उपाध्यक्ष खुशी निषाद, सचिव विधि साहू, सहसचिव जिया वर्मा, सेनापति टिकेश्वरी साहू, उप सेनापति जीविका देवांगन। बालभारती से अध्यक्ष निधि जलक्षत्री, उपाध्यक्ष अंश कुमार साहू, सचिव दोनिशा साहू, सहसचिव भिमेश कुमार सेन, सेनापति चिराग साहू, उप सेनापति- धर्मवीर नेताम। शिशु भारती से अध्यक्ष शुभम महानंद, उपाध्यक्ष खोमेश ठाकुर, सचिव दिव्यांश साहू, सहसचिव अंजली मधुकर, सेनापति वैभव साहू, उप सेनापति भेखराम साहू को दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू, वरिष्ठ आचार्य एवं बालभारती प्रमुख बलराम सेन, वरिष्ठ आचार्य शिवकुमार कन्नौजे, किशोर भारती प्रमुख आचार्य तुलसीराम पटेल, कन्या भारती प्रमुख दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, शिशु भारती प्रमुख किरण सोनी एवं विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य उपस्थित थे।

### महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मोगरा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत, लक्ष्मी पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत एवं डॉ. प्रकाश पटेल प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। जल, वायु और भूमि की शुद्धता बनाए रखने में पेड़ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संध्या भोई, प्राध्यापकगण, अन्य अतिथि एवं छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और पौधरोपण में सहभागिता की। यह आयोजन वसुधा ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।




# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के नियमित संचालन के लिए हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के नियमित संचालन के लिए जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद के आदेशानुसार विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा विकासखंड स्तरीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण समिति महासमुंद की बैठक जनपद पंचायत सीईओ एवं विखं साक्षरता मिशन प्राधिकरण समिति महासमुंद के अध्यक्ष बीएस मंडावी की अध्यक्षता एवं समस्त सदस्यों की उपस्थिति में बीआरसीसी कार्यालय में हुई।

बैठक में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के 2025-26 में नियमित संचालन के लिए वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा हुई। जिसके तहत वर्ष 2025-26 के लिए विकासखंड महासमुंद में असाक्षरों का चिन्हांकन, असाक्षरों की संख्या के आधार पर स्वयंसेवी शिक्षक का चिन्हांकन, असाक्षरों के अध्यापन हेतु स्मार्ट कक्षा का चिन्हांकन, अध्यापन हेतु असाक्षरों की संख्या के आधार पर उल्लास केंद्र का चिन्हांकन, विकासखंड स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा उल्लास केंद्र का निरीक्षण सहित संचालन हेतु समस्त विषयों पर विस्तारपूर्वक



चर्चा हुई है। बैठक में सीईओ बीएस मंडावी ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि उक्त समिति का गठन उल्लास नवभारत कार्यक्रम को विकासखंड महासमुंद में सक्रिय संचालन के लिए गठित किए है। जिसमें आप सभी का सहयोग आपेक्षित होगा। इस उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों का असाक्षर के रूप में चिन्हांकन कर अध्यापन कराकर एनआईओएस के सहयोग से आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में मूल्यांकन कार्यक्रम में भाग लेकर उत्तीर्ण करने का कार्यक्रम है। जिसमें समिति के सभी सदस्यों के सहयोग सहित जनमानस का सहयोग भी आपेक्षित है। वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा होने से पूर्व एबीईओ एवं विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण के विखं परियोजना अधिकारी तारिका कुंजाम ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कार्यों की जानकारी एवं कार्यक्रम संचालन के केंद्र और राज्य शासन के उद्देश्य से अवगत कराया गया। पश्चात ईश्वर चंद्राकर नोडल अधिकारी विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने असाक्षरों का सर्वे के माध्यम से चिन्हांकन और उल्लास एप्प में संधारण, स्वयंसेवी शिक्षक का चिन्हांकन एवं एप्प में संधारण सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जुगल किशोर पटेल, डॉ. विकास चंद्राकर बीएमओ महासमुंद, सियाराम कर्मकार, तरुण ध्रुव, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुंद, शीला प्रधान पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग, लीनू चंद्राकर, हेमराज सोनबेर, भारती सोनी, रघुनाथ सिन्हा, रोहिदास परेश्वर उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### कुर्मीपारा शाला का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कुर्मीपारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष साहू को स्कूल में जल भराव होने से बच्चों को अध्ययन में परेशानी तथा असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल के शौचालय को क्षति पहुंचाने की सूचना मिली थी। जिस पर उन्होंने स्कूल पहुंचकर स्थिति देखी तथा स्कूली बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समस्या का शीघ्र समाधान करने पालिका की टीम को मरम्मत एवं जल निकासी व्यवस्था बनाने निर्देशित किया।



### हरेली पर्व 24 को

**महासमुंद।** जुलाई-अगस्त में कई महत्वपूर्ण त्यौहार मनाए जाएंगे। श्रीसत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि 24 जुलाई गुरुवार को हरेली, 9 अगस्त शनिवार को स्नानदान पूर्णिमा, 18 अगस्त मंगलवार बहुला चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।



### श्याम विद्या मंदिर में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/ श्याम इंग्लिश मीडियम स्कूल/उमावि में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संगोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें इस पर्व के मनाए जाने की पृष्टभूमि एवं महत्व पर संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य तेजबहादुर सिंह ने सभी शिक्षकगणों एवं विद्यार्थियों को इस पर्व की महिमा पर विस्तार बताया। कार्यक्रम में मीना राजपूत, कीर्ति यादव, योगिता यादव, अमित लामा, अग्रिमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी मीना राजपूत ने दी है।

## चर्चा : नगर पालिका उपाध्यक्ष ने सीएमओ से की चर्चा

# पार्षद निधि से खरीदा गया डस्टबिन हो रहा खराब, वार्डों में करें वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ शहर से मवेशियों को गौशाला भेजने पर हुई चर्चा

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सीएमओ अशोक सलामे से नगर पालिका उपाध्यक्ष कक्ष में चर्चा की। चर्चा में निर्देश दिया गया कि नगर पालिका के पास हजारों की संख्या में पूर्व पार्षदों द्वारा पार्षद निधि से खरीदा गया डस्टबिन पड़े है। शंकराचार्य भवन, बेलसोंडा के इंटकवेल गोडाउन, नयापारा के टाउन हाल में डस्टबिन कमरों में रखे हुए है, जिसे वार्डों में जनता को वितरण करना चाहिए। प्लास्टिक भी खराब हो जाते है। बड़े डस्टबिन भी रखे हुए है उन्हें सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाए। शासकीय कार्यालयों में भी लगा सकते है।



वार्डों के पार्षदगण वितरण को लेकर कई बार मांग कर चुके है। सभी डस्टबिन को तत्काल वितरण कराया जाए। गायों बछड़ों के लिए 5 नग काऊ केचर खरीदा गया है। जबकि, इतने संख्या की जरूरत नहीं थी। खरीदी उपरांत अभी तक उपयोग में नही लाया जा रहा है। सड़कों पर गाय, बैल को हटाकर गौशाला भेजने के लिए उपयोग किया जाए। राठी ने सीएमओ से जानकारी चाही की सुशासन त्यौहार के आवेदनों की लिखित में जानकारी दें तथा छग शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर के 5 वर्षीय विकास प्लान की मांग की गई है, जिसकी क्या स्थिति है अभी तक विकास प्लान तैयार हुआ कि नही। इसके अलावा शहर के ड्रीम प्रोजेक्टों को भी शामिल करें। सीएमओ सलामे ने बताया कि अधिकांश वार्ड के पार्षदों द्वारा जानकारी दी जा चुकी है। सब इंजीनियर और उनके सहायकों द्वारा प्लान तैयार किया जा रहा है। राठी ने सीएमओ से कहा कि शहर के 30 वार्डो के फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था में कसावट लाए। फील्ड में जाएंगे तो विकास की रूपरेखा आप भी शहर के लिए बना सकते है। पंचवर्षीय विकास योजना सीपीडी में अधिकारियों की सोच के आधार पर शामिल हो पाएगा। इसके अलावा शहर में कहां-कहां पर अवैध कालोनी एवं कॉलोनी की आड़ में कब्जा हो रहा है इसे चिन्हाकित किया जाए तथा नोटिस जारी कर कार्यवाही करें। शहर में कई जगह अवैध अतिक्रमणों की शिकायत पालिका में आ रही है, उस पर तत्काल रोक लगाए। चर्चा के दौरान पार्षदगण चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, भाजपा नेता हनीष बग्गा, महेंद्र, गौरव राठी भी उपस्थित थे।

# बिजली मूल्य वृद्धि 59 लाख गरीब परिवारों और किसानों से वसूली

## किसानों के कृषि पंप में 50 पैसे यूनिट की वृद्धि, दूसरी तरफ उद्योगों के लोड फैक्टर में 75 प्रतिशत तक रियायत दी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश को भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने हर क्षेत्र में वापस मजबूती की ओर अग्रसर किया था, किसानों को मजबूत बनाने बहुत काम हुए और तो और हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाते हुए बिजली बिल हॉफ योजना लागू की। परन्तु, जब से वर्तमान डबल इंजन की भाजपा नित साय सरकार आई है उस दिन से अंग्रेजों के मानिंद अत्याचारी सरकार नए नए तरीके आमजन, किसान, मजदूरों से लगान वसूली के रूप में निकाल रही है। एक तरफ छत्तीसगढ़ प्रदेश के 59 लाख गरीब परिवार जो कि 100 यूनिट तक बिजली खपत करते हैं उन्हें सबसे ज्यादा 20 पैसे की बिजली मूल्य में वृद्धि की है। और दूसरी तरफ उद्योगों को लगने वाले लोड फैक्टर में अधिकतम 75 प्रतिशत तक की छूट दी है। अंकित ने कहा कि 2023 दिसंबर से आज 18 माह पुरानी साय की भाजपा सरकार ने तीन बार में लगभग 20 प्रतिशत तक की बिजली कीमतों में मूल्य वृद्धि की है। किसानों के साथ बिजली विभाग के ही द्वारा इतना अत्याचार कभी नहीं हुआ। पहले



रबी में किसानी के समय लगातार बिजली गोल की, लो वोल्टेज किया, फेस चेंज करके परेशान किया, अब खरीफ में यूरिया उपलब्ध नहीं करवा के परेशान कर रहे हैं। ऊपर से अब कृषि पंप में 50 पैसे की वृद्धि कर भाजपा ने किसानों के प्रति अपनी सोच को प्रदर्शित किया है। अंकित ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली उत्पादन वाला राज्य है और बिजली पैदा करने लगने वाले संसाधन कोयले और पानी की प्रचुर मात्रा वर्तमान में उपलब्ध है और तो और अन्य राज्यों तक को कोयला और बिजली छत्तीसगढ़ से दी जाती है। अंकित ने बताया कि यहां के निवासियों पर मंहगाई का अतिरिक्त बोझ देने भाजपा सरकार ने ये फैसला लिया है। ताकि, उनसे वसूले गए अतिरिक्त पैसे से सरकारी विभागों का बकाया बिजली बिल पटाया जा सके। दूसरी तरफ अंकित ने आम जन को चेताया है कि वो तैयार रहे। पहले डबल इंजन की साय सरकार अभी जो पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगा रही है, उसके माध्यम से अभी से बिजली बिल बढ़ा हुआ आ रहा है, और अभी हुए फैसले में स्मार्ट मीटर में प्रीपेड करने पर विद्युत प्रभार में 1.5 प्रतिशत की छूट प्रस्तावित है यानी जल्दी ही प्रदेश के घरेलू बिजली उपभोक्ता जितना रिचार्ज करेंगे, उतनी बिजली मिलेगी नहीं तो कनेक्शन तुरंत कट जाएगा। यानी अब घरेलू बिजली प्री पेड करने जा रही भाजपा की साय सरकार।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने सांसद रूपकुमारी चौधरी को अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायीत्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन में मुख्य मांग संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण, मानवता आधारित अनुकंपा नियुक्ति, छुट्टी और मातृत्व



सुविधाएं, स्थानांतरण नीति और आकस्मिक दुर्घटना राहत जैसी प्रमुख बिंदु शामिल। सांसद द्वारा सभी मांगों को जायज बताते हुए कहा कि उक्त विषय पर अनुमोदन पत्र स्वास्थ्य मंत्री को प्रेषित किया जाएगा। संघ ने मांग की कि स्वास्थ्य विभाग की नीतियों में समानता और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो तथा अन्य योजनाओं की तरह एनएचएम कर्मियों को भी उनका हक मिले। संघ के अनुसार इन मांगों के पूरा होने से राज्य के 16 हजार से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। संघ की तरफ से डॉ अरुणा अग्रवाल जिला संरक्षक एनएचएम महासमुंद, मनीष भारद्वाज ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, घनश्याम पटेल, दूधेश्वर पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बसना, लोकेश प्रधान, हिरेंद्र कुमार कर प्रदेश उपाध्यक्ष, नियत राम सिदार प्रदेश आईटी सेल प्रभारी, राजकुमार जांगड़े ब्लॉक उपाध्यक्ष बसना, डॉ अनुपा दास, परमेश्वर सेन ब्लॉक उपाध्यक्ष सरायपाली उपस्थित रहे। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।



### भाजपाइयों ने की चोपड़ा से मुलाकात

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में 10 जुलाई को प्रदेश संयोजक चिकित्सक प्रकोष्ठ भाजपा एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपडा जन्मदिवस पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक व महासमुंद शहर महामंत्री एमआर विश्वनाथन, भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने बधाई प्रेषित किया।

# कुसमीसरार हाईस्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**सरायपाली।** कुसमीसरार हाईस्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश साहू के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ व्याख्याता पूर्णानंद पाणिग्राही, यादव समाज के संरक्षक दासरथी यद्धु, सेवा शंकर अग्रवाल तथा अन्य नागरिकों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त तीनों विज्ञान सहायकों द्वारा परिचय के साथ आकर्षक ढंग से गुरु पूर्णिमा के बारे में व्याख्यान दिया गया। पाणिग्रही द्वारा शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। दाशरथी यदु ने कहा शिक्षक के बिना विद्यार्थी का ज्ञान अधूरा है। शिक्षक अज्ञानता रुपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं। व्यापारी चैंबर्स के अध्यक्ष अग्रवाल ने शिक्षकों एवं समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष साहू ने शाला के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष हेमसागर साहू सदस्य, तरूणी सेन साहू, निरंजन कठार, कार्तिक नंद और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य विमल साहू द्वारा एवं मंच संचालन रोहन साहू ने किया।

### भोरिंग में बकला बाबा महोत्सव 7 व 8 अगस्त को

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग स्थित प्रसिद्ध बकला बाबा मंदिर में श्रावण मास पर 7 व 8 अगस्त को विविध आयोजन होंगे। पहले दिन जल यात्रा व स्मरण मानस परिवार महासमुंद व प्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक व अनुराग धारा परिवार राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। वहीं दूसरे दिन जलाभिषेक, हवन, मां दुर्गा पूजा एवं पूर्णाहुति होगी। दिनेश साहू लोकमंच महासमुंद का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कामता प्रसाद शरण कुडेरादादर गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। महोत्सव में शिक्षा, स्वास्थ, पर्यावरण, खेल, संगीत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का भी सम्मान किया जाएगा। वहीं भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। महोत्सव को लेकर तैयारी बैठक हुई। इसमें वाहन पार्किंग व मार्ग सुधार और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जनपद सदस्य प्रतिनिधि लवेश ढीढी, सरपंच प्रतिनिधि लोकेश्वर साहू,जनकु साहू, महोत्सव समिति अध्यक्ष नारायण प्रसाद साहू, संरक्षक श्यामलाल साहू, वेदप्रकाश साहू, लोकनाथ शिक्षक, सतीश साहू, तरुण साहू, महेंद्र शिक्षक, पूरन साहू, पिलादाऊ मुक्षय साहू, दिनेश भूपेश, पवन, प्रह्लाद, रंजीत, कामेश, टेमेंद्र, खिलेश, वीरेंद्र, हरि साहू, डिगेश, मन्नू, भूपेंद्र, प्रांजल, प्रियांशु, दीनदयाल सेन उपस्थित रहे। बता दें कि बकला बाबा मंदिर अपनी धर्म और संस्कृति की एक अलग ही मान्यता व शक्ति है। कहा जाता है कि इस मंदिर पर सिरपुर के राजा ने तीवरदेव (7वीं शताब्दी के एक सोमवंशी राजा, जिनके शासनकाल में सिरपुर अपने स्वर्ण युग में था) उन्होंने इस स्थान पर सांपों का जमावड़ा देखा था, तब से इस स्थान को भोलेनाथ के लिए समर्पित माना जाता है।

# मानव कल्याण समझने के लिए पहुंचे 100 गांव के 300 से अधिक परिवारजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ गुरु प्रसाद बाबा मानव समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्व : कोकडिया

मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने भिलाई दुर्ग, गुंडरडेही व गांवों से लोग जीवन विद्या समझने पहुंचे। विद्यार्थियों, अभिभावकों, विद्यालयों, समाज सेवियों को संबोधित करते हुए कोकड़िया ने बताया कि गुरु बनाते हैं, चेला नहीं, गुरु दान दक्षिणा मांगते नहीं, शिष्य खुश होकर समर्पित करते हैं। असली गुरु दक्षिणा वह है, जब शिष्य भी गुरु बन जाए। गुरु का जीवन प्रमाणिकता पूर्वक सफल है। गुरु हमें न्याय धर्म सत्य का मार्ग दर्शन करने का समझ की वस्तु देते हैं। गुरु प्रकृति और मानव के साथ पर्यावरण और आवर्तन शीलता को महत्व देते हैं। सादगीपूर्ण जीवन जीते हैं। कोकड़िया ने गुरु प्रसाद बाबा के बारे में बताया कि बाबा ने जयपुर, राजिम नवापारा, सांकरी पारा के अलावा गुंडरडेही समेत 4 आश्रम समाज के सहयोग से मानव समाज के जागृति के लिए बनाकर समर्पित किए है। उत्सव पारा सांकरी में जीवन विद्या आधारित अभिभावक विद्यालय बनाने के लिए दो एकड़ तीस डिसमिल जमीन दान दिए हैं, जो कि करोड़ों रुपयों का है। इस कार्यक्रम के आयोजक मानव कल्याण संस्थान गुंडरडेही गुरु प्रसाद बाबा व चेतन मानव ने बताया कि मानव समाज को जागृत करने वाले ही गुरु होते हैं। मानव, मानव का महत्व समझ जाये, उत्सव पूर्वक जिसमें, इसीलिए मानव कल्याण संस्थान हर वर्ष गुरु पूर्णिमा का आयोजन करती है। कार्यक्रम में गुरुजनों व महासमुन्द, धमतरी, बालोद, भिलाई, दुर्ग, मध्यप्रदेश, उत्सव पारा सांकरी व अन्य जिलों व राज्य से आए लोगों का स्वागत करने स्वयं पूर्व विधायक राजा राय, नपाध्यक्ष प्रमोद जैन, रुप नारायण सिन्हा, केशव राम साहू आदि सभी ने गुरुओं के महत्व पर प्रकाश डाला। मानव जन कल्याण संस्थान के सुरक्षा व संरक्षण समेत जीवन विद्या के लोक व्यापीकरण का संकल्प लिए। यहां 100 गांवों के 300 से अधिक लोगों ने जीवन विद्या का महत्व समझा। और भविष्य में जीवन विद्या शिविर करने का संकल्प लिए। क्षेमेन्द्र सेमरा धमतरी, सावंत गुरु, रामचरण पटेल, कृष्ण मोहन पटेल आरंग, एगेश्वरी साहू, राखी गेंदलाल कोकडिया, रागेश्वर, रवि शंकर छिंदवाड़ा, सुनील शर्मा तुमगांव आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# खरोरा में रामकथा का पांचवा दिन, श्रीराम विवाह का सुनाया प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में कथावाचक कृष्णानंद ने राम कथा का आयोजन के पांचवें दिन राम विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने प्रभु राम व शिव की महिमा का वर्णन करते कहा कि श्रीराम का विवाह सम्पन्नता का प्रतीक हैं और शिव भगवान का विवाह सादगी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दोनों विवाह हमें संदेश देते हैं कि अगर आप संपन्न हैं तो राम की



तरह विवाह धूमधाम से करें। नहीं तो शिव की तरह सादगी से करें। इससे समाज की रीति-रिवाजों को दूर कर करते हैं। कर्ज लेकर अपने बच्चों की शादी न करें। उन्होंने राम विवाह के भजनों का भी गुणगान किया। इस दौरान भूषण कौशल्या, किशन गीता चंद्राकर,चमन रीखा चंद्राकर, लता, चंद्रिका, दुर्गा, पूजा, ममता, सुमित्रा, त्रिवेणी, सरोज, लक्ष्मी, कामता, दिनेश्वरी, हीरा, राखी, वर्षा आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने तालाब में महादेव बनाकर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में महिलाओं ने सावन महीना का शुरुआत 11 जुलाई को शाम 6 बजे तालाब में महादेव



बनाकर पूजा अर्चना की। शिवकुमारी चंद्राकर ने बताया कि हर साल भक्तगण श्रावण मास यानी सावन का बेसब्री से इंतजार करते है। शास्त्रों के अनुसार, सावन का महीना भगवान महादेव को सबसे ज्यादा प्रिय है। सावन के महीना का हर दिन, विशेष रूप से सावन के सभी सोमवार को खास दिन भगवान महादेव की पूजा-उपासना करने से जीवन की हर समस्या का निवारण मिलता है। साथ ही सावन में महादेव के नाम का जप करने से भी जीवन में शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इस महीना में भगवान महादेव अपने हर भक्त की सभी तरह की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। इस अवसर पर रेखा, उतरा , पूनम, अरुण, माधुरी, ममता, दुर्गा, देवकी, कृष्ण, नंदिनी, डाली, गोदावरी, प्रियंका, टीना, ज्योति, सरोज आदि मौजूद रहे।

